अमर उजाला 17-03-2023

# आशीष और रुचि 400 मीटर दौड़ में प्रथम

## जीएमएन कॉलेज में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का आयोजन, विद्यार्थियों ने खेलों में दिखाई प्रतिभा



अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़ लगातीं खिलाड़ी। संवाद



अंतरराष्ट्रीय रेसलर द ग्रेट खली को चित्र भेंट करता छात्र।। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** छावनी के जीएमएन कॉलेज में वीरवार को 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय रेसलर द ग्रेट खली दिलीप राणा ने ध्वजारोहण के साथ आसमान में गुब्बारे छोड़े और प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । इस दौरान 400 मीटर दौड़ में आशीष और रुचि ने प्रथम स्थान हासिल किया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में कुछ ना कुछ लक्ष्य जरूर करते रहना चाहिए। कोई भी प्रतियोगिता हौसले व लगन से ही जीती जा सकती है। उन्होंने बताया कि वे आज जिस मुकाम पर हैं वो सिर्फ खेल की बदौलत ही हैं। खली ने बताया कि युवाओं को नशा नहीं करना चाहिए। हरियाणा में रेसलिंग का ज्यादा क्रेज है इसलिए उन्होंने यहां पर अकादमी बनाई है। । उन्होंने हरियाणा की खेल नीति को अच्छा बताया।

उन्होंने बताया कि जल्द ही छावनी के जीएमएन कालेज में प्रिंसिपल के सहयोग से रेसलिंग का बड़ा इवेंट करवाया जायेगा। उनकी पंजाब और करनाल में अकादमी है जहां पर बच्चों को रेसलिंग सिखाई जाती है। उनकी अकादमी में बाहर से भी बच्चे रेसलिंग सीखने के लिये आये हुए हैं।

सरकार का सहयोग है लेकिन सरकार से कभी मदद मांगी नही है अगर मांगेंगे तो सरकार मना नहीं करेगी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि जीएमएन कॉलेज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। इस दौरान विद्यार्थियों ने हरियाणवी आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति दी। इस मौके पर कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान डॉ गुरदेव सिंह , उप-प्रधान सरदार केजेएस बलहाया , जनरल सेक्रेटरी अजय अग्रवाल , कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता , कॉलेज मैनेजमैंट व ट्रस्ट के प्रधान डॉ. जसवंत राय जैन और प्रबन्धक समिति के सदस्य प्रदीप जैन ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न प्रदान किया।

## खेल प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे

### ये खेल प्रतियोगिताएं हुईं

100 मीटर रेस महिला-पुरुष 50 मीटर, स्लो साइक्लिंग विमेन, 400 मीटर विमेन, 200 मीटर मैन, हॉप स्टैप एण्ड जंप विमैन, 50 मीटर विमैन, 800 मीटर मैन, हॉप स्टैप एण्ड जंप मैन, 400 मीटर मैन, 800 मीटर विमेन, शॉट पुट विमेन, 200 मीटर मैन-विमैन, शॉट पुट मैन, 50 मीटर मैन, लांग जम्प वुमैन और 1500 मीटर मैन का आयोजन किया गया।

### 400 मीटर महिला

प्रथम - रुचि भट्ट, बीए प्रथम हर्ष, द्वितीय - कृतिका, बीए. द्वितीय , तृतीय - सजना, बी.कॉम द्वितीय वर्ष ।

### 400 मीटर पुरुष

प्रथम - आशीष, बीए. प्रथम वर्ष, द्वितीय - पंकज, बीए. प्रथम वर्ष, तृतीय - रूद्रप्रताप, बीसीए द्वितीय वर्ष।

### 800 मीटर महिला

प्रथम - कृतिका, बीए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय - रुचि भट्ट, बीए. द्वितीय वर्ष, तृतीय - अंबिका, बी.एससी प्रथम वर्ष।

### शॉटपुट महिला

प्रथम - मोनी, बीए. प्रथम वर्ष, द्वितीय - नीधि, बीए. द्वितीय वर्ष, तृतीय - राखी, बीए. तृतीय वर्ष।

### 200 मीटर महिला

प्रथम - रुचि भट्ट, बीए. प्रथम वर्ष, द्वितीय - कृतिका वर्मा, बीए. द्वितीय वर्ष, तृतीय - सृष्टि, बीकॉम द्वितीय वर्ष।

### शॉटपुट मैन

प्रथम - कुश, बीए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय - अमन, बीएससी प्रथम वर्ष, तृतीय - पंकज, बीए. प्रथम वर्ष।

### लांग जंप महिला

प्रथम - संजना, बीकॉम. द्वितीय वर्ष, द्वितीय - कृतिका, बीए. द्वितीय वर्ष, तृतीय - रूचि भट्ट, बीए. प्रथम वर्ष।

### 1500 मीटर पुरुष

प्रथम - आशीष, बीए. प्रथम वर्ष, द्वितीय - युवराज, बीएस. सी प्रथम वर्ष, तृतीय - अमन, बीए. प्रथम वर्ष।

### हॉप स्टैप एंड जंप मैन

प्रथम - पंकज, बीए. प्रथम वर्ष, द्वितीय - अदनान, बीकॉम. द्वितीय वर्ष, तृतीय - आशीश, बीए. प्रथम वर्ष।